
## खबर संक्षेप

### संदीपनी गार्डन के पास ट्रक जाली तोड़ घर में घुसा




पन्ना। बीती देर रात एक ट्रक के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक घर में जाली तोड़कर जा घुसने का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार पन्ना से कटनी की ओर जा रहा ट्रक पवई नगर के वार्ड क्रमांक एक संदीपनी गार्डन के पास सड़क किनारे बने एक घर में जाली तोड़कर अंदर जा घुसा जिससे पास में रखा दुकान का डिब्बा क्षति ग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि घर के सभी लोगों को किसी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई है। बताया जाता है कि ट्रक चालक शराब के नशे में था,जिसकी वजह से वह ट्रक पर अपना नियंत्रण खो बैठा और ट्रक अनियंत्रित हो गया। घटना की सूचना तत्काल ही पवई पुलिस को दी गई, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक ड्राइवर को अभिरक्षा में ले जांच शुरू कर दी है।

### टाइगर के हमले में भैंस की मौत, भैंस मालिक का रो-रोकर बुरा हाल




पन्ना। जिले के मडैयन क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहाँ जंगल की सीमा से लगे इलाके में चरने गई एक भैंस पर टाइगर ने हमला कर दिया। हमले में भैंस की मौके पर ही मौत हो गई, जिसके बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। घटना शनिवार दोपहर करीब 4रू30 बजे की बताई जा रही है। मडैयन निवासी शिवदयाल कुशवाहा, पिता अच्छेलाल कुशवाहा, अपनी भैंसों को रोज़ की तरह चराने के लिए गुदलहा के मडैयन की कच्ची रास्ता पुलिया के पास नाले की ओर ले गए थे। उसी दौरान अचानक झाड़ियों से निकले टाइगर ने एक भैंस पर हमला बोल दिया। हमला इतनी तेजी से हुआ कि शिवदयाल कुछ समझ ही नहीं पाए और देखते ही देखते भैंस ने दम तोड़ दिया। घटना के तुरंत बाद ग्रामीण मौके पर पहुँचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मृत भैंस को देखकर शिवदयाल का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों ने वन विभाग से मुआवज़े की मांग की है और इलाके में लगातार टाइगर की सक्रियता को देखते हुए सुरक्षा के इंतजाम बढ़ाने की जरूरत बताई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से जंगली जानवरों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे चरवाहों और पशुपालकों में भय का माहौल है। वन विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण कर भैंस के अवशेषों को कब्जे में लिया है तथा हमले की पुष्टि की है। विभाग ने मुआवजा प्रक्रिया जल्द शुरू करने का आश्वासन दिया है।

### श्री शिवरतन त्रिपाठी पंचतत्व में विलीन



पन्ना। प्रदेष टुडे के ब्यूरोचीफ करण त्रिपाठी के पूज्य पिता जी थे जिनकी उम्र लगभग 94-95 वर्ष के लगभग थी, जिनका देहांत दिनांक 07 दिसम्बर 2025 प्रातःकाल 05:30 बजे निज निवास पन्ना में हुआ जिनकी अंतिम यात्रा उनके ग्रह ग्राम तहसील अजयगढ़ अंतर्गत ग्राम फरस्वाहा में अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में उनके ग्राम फरस्वाहा के भाई बंधू एवं ग्रामीण भारी संख्या में सम्मलित होकर उन्हें अपनी श्रद्धांजली अर्पित की, तथा पत्रकार बंधुओं एवं समाजसेवियों ने गहन दुख व्यक्त करते हुये ईष्वर से अपनी चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की गई तथा दुखित परिवार को असहनीय दुख को आत्मसात करने की शांति प्रदान करने की कामना के साथ श्रद्धांजली दी गई।

### श्रीमती विद्या देवी सोनी का दुखद निधन



पन्ना। नगर के प्रतिष्ठित सर्राफा व्यवसाई स्वर्गीय सीताराम सोनी की धर्मपत्नी तथा संजय सोनी विजय सोनी राधे श्याम सोनी तथा नवले सोनी की माताजी श्रीमती विद्या देवी सोनी का दुखद निधन हो गया उनका अंतिम संस्कार 7 दिसंबर को स्थानीय धरम सागर तालाब स्थित शमशान घाट में किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए ज्ञात हो श्रीमती सोनी काफी समय से अस्वस्थ चल रही थी जिनका निधन 6 दिसंबर को हो गया था तथा अंतिम संस्कार 7 दिसंबर को संपन्न हुआ उनके निधन पर नगर के समाजसेवियों जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों साहित्यकारों पत्रकारों ने दुख व्यक्त करते हुए शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है तथा शोकाकुल परिवार को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति ईश्वर से प्रदान करने की कामना की है।

# पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल पन्ना में नशा मुक्ति, एचआईवी/एड्स जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य उन्नयन हेतु हार्टफुलनेस मेडिटेशन पर एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन

पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल पन्ना में नशा मुक्ति, एचआईवी/एड्स जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य उन्नयन हेतु हार्टफुलनेस मेडिटेशन सेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि नशामुक्त समाज बनाने के लिए पुलिस की सतर्कता, जनता की जागरूकता और चिकित्सकों का मार्गदर्शनकृतीनों अत्यंत आवश्यक हैं।



पन्ना।

कार्यक्रम के दौरान जिला चिकित्सालय पन्ना से उपस्थित विशेषज्ञो डॉ. हेमंत चौहान (दंत रोग विशेषज्ञ एवं नशा मुक्ति कार्यक्रम प्रभारी ), डॉ. सुबोध तिवारी (दंत रोग विशेषज्ञ), श्री अखिलेश श्रीवास (एचआईवी/ एड्स डीएसआरसी परामर्शदाता) एवं अशोक कुशवाहा, परामर्शदाता द्वारा नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी साझा करते हुये बताया गया कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब/नशा का सेवन करने पर पुलिस द्वारा किए जाने वाले दंडात्मक प्रावधान, तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों पर ब्व्च्। ।बज के तहत की जाने वाली कार्रवाई, स्कूल/कॉलेज परिसर से 100 मीटर के अंदर तंबाकू बिक्री पर सख्त प्रतिबंध, नशे की हालत में वाहन चलाने, शांति भंग करने या सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित करने पर दंड, अवैध शराब, नशीले पदार्थों एवं मादक दवाओं की बिक्री पर विशेष अभियान संचालन एवं पुलिसकर्मियों को नशा नियंत्रण में समुदाय-आधारित कार्यवाही के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही जिला चिकित्सालय से आए एचआईवी/एड्स विशेषज्ञों द्वारा अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं जिसमें विशेषज्ञो द्वारा बताया गया कि एचआईवी वायरस के संक्रमण के वास्तविक कारण, संक्रमण न फैलने वाले सामान्य संपर्कों के बारे में मिथकों का खंडन, समय पर भ्प्ट टेस्ट (बतममदपदह) कराने के फायदे, ।त्ज (।दजपतमजतवअपतंस जीमतंचल) से रोग पूरी तरह नियंत्रित होने की जानकारी, संक्रमित व्यक्ति के प्रति संवेदनशीलता, गोपनीयता और भेदभाव-रहित व्यवहार का महत्व, ड्यूटी के दौरान सुई चुभने या रक्तस्त्राव की स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियो के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की गई विशेषज्ञों ने बताया कि जागरूकता ही एचआईवी के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार है। सत्र के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्टफुलनेस तकनीक के माध्यम से तनाव प्रबंधन, मानसिक शांति, संयम, आत्म-अनुशासन एवं नशा मुक्ति के प्रभावी तरीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान रक्षित निरीक्षक पन्ना खिलावन सिंह कंवर, थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा, थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीक्षक रामआसरे सोनकर, थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक रवि सिंह जादौन, थाना प्रभारी बृजपुर उप निरीक्षक शक्ति पाण्डेय, पुलिस लाइन पन्ना का पुलिस बल एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना का पुलिस बल उपस्थित रहे।



# बुंदेली साहित्य संस्कृति भाषा विकास संरक्षण समिति द्वारा सांसद बीडी शर्मा का किया स्वागत

पन्ना।

सांसद द्वारा खजुराहो से बनारस वंदे भारत ट्रेन चलाई जाने को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है तथा लोगों द्वारा उक्त प्रयास के लिए सांसद बीडी शर्मा का आभार व्यक्त किया जा रहा है इसी कड़ी। इसी कड़ी में बुंदेली साहित्य संस्कृति भाषा विकास एवं संरक्षण समिति के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कविजगदीश कुशवाहा प्रबोध के नेतृत्व में सांसद बीडी शर्मा का शाल श्रीफल से स्वागत किया गया इस अवसर पर अनेक लोगों उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप समित संरक्षक शारदा पाठक, सचिव रामेश्वर खरे, सदस्य संरक्षक डॉ राजेंद्र सिंह बुंदेला, मंच संचालक सुरेश सौरभ सह बीजेपी जिला अध्यक्ष ब्रजेंद्र मिश्रा, रामओतार पाठक मनोज सेन आदि।

# संयुक्त वन प्रबंधन समितियों का सम्मेलन सम्पन्न





पन्ना।

पवई के कलेहन माता प्रांगण में आज संयुक्त वन प्रबंधन समितियों का एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में क्षेत्र की विभिन्न ग्राम वन समितियों के प्रतिनिधियों, वन विभाग के अधिकारियों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेहन माता के दर्शन के उपरांत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अधिकारियों ने संयुक्त वन प्रबंधन के तहत किए जा रहे कार्यों, वन संरक्षण की चुनौतियों तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की। ग्रामीणों को वन संरक्षण, जैव-विविधता संवर्धन, वनों से जुड़े आजीविका साधनों तथा नवीन योजनाओं की जानकारी भी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि वन संरक्षण तभी सफल होगा जब स्थानीय समुदाय सक्रिय भूमिका निभाएगा। सम्मेलन में बेहतर कार्य करने वाली समितियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित प्रतिनिधियों ने वन संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सामूहिक संकल्प लिया।

# रेंजर की मनमानी के खिलाफ स्थानीय लोगों ने सौंपा ज्ञापन



पन्ना।

पन्ना टाइगर रिजर्व अंतर्गत मडला रेंज में पदस्थ रेंजर राहुल पुरोहित की मनमानी को लेकर स्थानीय लोगों ने कलेक्टर तथा क्षेत्र संचालक के नाम ज्ञापन सोपा है ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सरकार द्वारा जो भी मजदूरी के कार्य वन विभाग के अंतर्गत रेंज क्षेत्र में चल रहे हैं उनमें स्थानीय लोगों को मजदूरी दी जाए तथा उन्हें रोजगार दिया जाए लेकिन रेंजर द्वारा बाहरी लोगों से एवं ट्रैक्टर तथा जेसीबी मशीनों से कार्य करवाए जा रहे हैं जिससे स्थानीय लोग रोजगार से वंचित हैं सरेआम जेसीबी मशीन चलाई जा रही है जबकि वन क्षेत्र अंतर्गत जेसीबी मशीन या अन्य आवाज देने वाली मशीन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है क्योंकि इससे वन जीवों काफी परेशानी होती है लेकिन रेंजर पुरोहित मनमर्जी ढंग से कार्य कर रहे हैं स्थानीय लोगों ने संबंधित रेंजर के खिलाफ तत्काल कार्यवाही करने की मांग की है।

### इनका कहना है -

हमारे द्वारा शासन के नियम अनुसार ही कार्य कराया जा रहा है मंडला में मजदूर नहीं मिल रहे हैं सभी लोग साधन संपन्न हैं इसलिए मशीनों से कार्य कराया जाता है तथा बाहरी मजदूरों की मदद ली जाती है इसमें कुछ भी गलत नहीं है।

**राहुल पुरोहित वन परिक्षेत्र अधिकारी मंडल रेंज**





# रॉयल चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल का शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न

अमान गज पन्नाः

रॉयल स्कूल द्वारा आयोजित शैक्षणिक भ्रमण बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। इस भ्रमण में छात्र-छात्राओं ने इतिहास, संस्कृति और धरोहरों से प्रत्यक्ष रूप से रूबरू होते हुए ज्ञानवर्धक अनुभव प्राप्त किया।भ्रमण के प्रथम चरण में छात्र-छात्राओं ने ओरछा स्थित रामराजा मंदिर के दर्शन किए। पवित्र एवं ऐतिहासिक वातावरण में बच्चों ने मंदिर की विशेषताओं तथा इसके धार्मिक महत्व को समझा। इसके बाद विद्यार्थियों ने ओरछा किले का भ्रमण किया, जहाँ उन्हें बुंदेलखंड के गौरवशाली इतिहास, स्थापत्य कला और वीर गाथाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।भ्रमण का दूसरा चरण झाँसी में आयोजित हुआ, जहाँ छात्रों ने रानी महल म्यूज़ियम का अवलोकन किया। यहाँ प्रदर्शित प्राचीन मूर्तियाँ, शस्त्र एवं ऐतिहासिक वस्तुएँ बच्चों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रहीं। इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं ने झाँसी किले का भ्रमण किया और रानी लक्ष्मीबाई के साहस, पराक्रम तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान के बारे में जाना।पूरे भ्रमण के दौरान छात्रों में उत्साह देखने लायक था। शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक दौरों से बच्चों में इतिहास, संस्कृति और धरोहरों के प्रति जागरूकता बढ़ती है। विद्यालय प्रबंधन ने भ्रमण को सफल बनाने के लिए सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# बुंदेल केसरी महाराजा छत्रसाल का संघर्षमयी जीवन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी- विस अध्यक्ष श्री तोमर

## विधानसभा अध्यक्ष ने धरम सागर तालाब परिसर में किया महाराजा छत्रसाल की अष्टधातु की प्रतिमा का अनावरण







पन्ना।

बुंदेल केसरी महाराजा छत्रसाल की राजधानी एवं हीरा, तालाब और मंदिरों की नगरी पन्ना में प्राचीन व ऐतिहासिक धरम सागर तालाब के किनारे छत्रसाल जी की प्रतिमा का अनावरण गौरवशाली क्षण है। इस गरिमामयी कार्यक्रम में नगरवासी भी साक्षी बनकर उत्साहित हैं। मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक स्थान के रूप में मान्यता प्राप्त पन्ना भगवान श्री जुगल किशोर की पावन स्थली तथा महाराजा छत्रसाल के गुरु प्राणनाथ की तपस्थली भी है। यह बात विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने शनिवार को पन्ना नगर के धरम सागर तालाब परिसर में महाराजा छत्रसाल की अष्टधातु की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की हैसियत से कही। उन्होंने उपस्थितजनों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विस अध्यक्ष का तलवार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। विस अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि बुन्देलखण्ड महाराजा छत्रसाल की कर्मभूमि रहा है। भारत के कण कण में शंकर की भांति पन्ना के कण कण में हीरा की किवदंती प्रासंगिक है। इस ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी अवसर पर हमें सच्चे देशभक्त बनने का मजबूत संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराजा छत्रसाल का जीवन संघर्ष से भरा रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने मुगल साम्राज्य के विरूद्ध अद्भुत शौर्य और पराक्रम दिखाया। मात्र 12 वर्ष की अल्पायु में पिता के स्वर्गवास के बावजूद उन्होंने आक्रमणकारियों को न सिर्फ परास्त किया, बल्कि बुन्देलखण्ड पर कब्जा भी जमाया। सीमित संसाधन एवं संख्या बल की कमी के बावजूद अपने संकल्प बल की दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ उन्होंने साहस और बहादुरी दिखायी। विस अध्यक्ष ने कहा कि हमारा देश वीरों की भूमि है। महाराजा छत्रसाल जैसे वीर पुरूष बुन्देलखण्ड और हमारे लिए गौरव हैं। इस अवसर पर छत्रसाल की जन्म जयंती एवं पुण्य तिथि पर भी गरिमामय कार्यक्रम के आयोजन तथा नई पीढ़ी को छत्रसाल के संघर्षमय जीवन व पराक्रम पर केन्द्रित साहित्य के वितरण के लिए कहा। शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों को इस स्थान का भ्रमण कराने का आह्वान भी किया। अध्यक्ष श्री तोमर ने महाराणा प्रताप और वीर शिवाजी के शौर्य का भी जिक्र करते हुए कहा कि पूर्वजों के प्राणों के बलिदान की बदौलत भारत देश को आजादी मिली है। इसलिए हमें अपनी संस्कृति, मान्यता और परंपरा का संरक्षण करना भी नितांत आवश्यक है। खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम मात्र प्रतिमा के अनावरण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि महाराजा छत्रसाल के संघर्ष को निरंतर स्मरण करने का अवसर भी है। सांसद ने कहा कि आईकोनिक सिटी खजुराहो की भांति पन्ना नेशनल पार्क और मंदिरों में भी पर्यटकों का बड़ी संख्या में आगमन हुआ है। पन्ना टाईगर रिजर्व पर्यटकों का पसंदीदा पर्यटक स्थल बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि महाराजा छत्रसाल के नाम पर पन्ना नगर के स्टेडियम को विकसित किया जा रहा है। भविष्य में अटल पार्क का लोकार्पण होगा और यहां पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होंने पन्ना को स्वच्छ बनाने के लिए टीम भावना से कार्य करने का आह्वान भी किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने पन्ना में तीव्र गति से रेलवे परियोजनाओं के विकास और निर्माण कार्य के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 2100 करोड़ रूपए की एलिवेटेड रोड निर्माण शुरू करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। टाईगर कोरिडोर के जरिए पेंच, कान्हा और बाधवगढ़ टाईगर रिजर्व से पन्ना जुड़ेगा। कालिंजर-जबलपुर मार्ग का राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में उन्नयन के लिए प्रयास किया जा रहा है। पन्ना विधायक ने कहा कि धरम सागर तालाब परिसर में महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा की स्थापना से वर्तमान में भी इतिहास पुरूष की झलक देखने को मिलेगी। छत्रसाल ने विपरीत परिस्थितियों में अपने हौसले बुलंद रखकर मात्र 22 वर्ष की आयु में बुन्देलखण्ड को फतह किया है। यह संदेश नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विधायक ने स्वयं के बेनीसागर तालाब को गोद लेने की भांति सांसद से भी धरमसागर तालाब को गोद लेने का अनुरोध किया और निर्माणाधीन पाथवे सहित तालाब परिसर के प्रस्तावित सौंदर्यीकरण की जानकारी दी। उन्होंने यादवेन्द्र क्लब को डायमण्ड म्यूजियम की बजाय हेरीटेज होटल या रेस्टोरेंट की भांति विकसित करने की बात कही। साथ ही तालाब के बीच स्थित शिव मंदिर तक पहुंच मार्ग की आवश्यकता बताई। इसके अलावा डायमण्ड पार्क के साथ म्यूजियम की स्थापना, वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी को बढ़ावा देने के प्रयायों की जानकारी दी। नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय ने स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा सहित विष्णु पाण्डेय, गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष यादव, नपा उपाध्यक्ष आशा गुप्ता, पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर ऊषा परमार, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, सीएमओ उमाशंकर मिश्रा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण, प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे। कार्यक्रम का सफल संचालन राजकुमार वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुम्बई की प्लेबैक सिंगर इशिता विश्वकर्मा एवं शरद मलिक की टीम द्वारा गीत एवं भजनों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई।

## खबर संक्षेप

### गढ़ी मलहरा पुलिस ने गुमशुदा बालिका को दस्तयाब किया

**छतरपुर।** जिले में गुमशुदा बच्चों और व्यक्तियों की तलाश के लिए संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत छतरपुर पुलिस लगातार सराहनीय कार्य कर रही है। अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम एवं अपहृत हुए बालक-बालिकाओं को खोजकर सुरक्षित परिजनों को सुपुर्द किया जा रहा है। इसके साथ ही अन्य राज्यों व जिलों से गुम होकर छतरपुर पहुंचे मानसिक रूप से विक्षिप्त, घायल एवं बच्चों को भी संबंधित थानों की मदद से परिजनों तक पहुँचाया जा रहा है। बाज़ार, धार्मिक स्थलों सहित अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों से गुम हुए सैकड़ों बच्चों की अब तक सकुशल दस्तयाबी की जा चुकी है। वर्ष 1 जनवरी 2025 से अब तक दर्ज मामलों में 465 से अधिक बालक-बालिकाएं पुलिस द्वारा सुरक्षित खोजकर परिजनों तक पहुँचाई गई हैं। थाना गढ़ी मलहरा में वर्ष 2023 में दर्ज एक गुमशुदा बालिका के प्रकरण में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना प्रभारी एवं उनकी टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए बालिका को खोजकर दस्तयाब किया गया। पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में एसडीओपी नौगांव अमित मेश्राम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह, उपनिरीक्षक के.एल. अहिरवार, प्रधान आरक्षक जनक सिंह, आरक्षक अनिल तिवारी एवं महिला आरक्षक राधा पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### भटके मानसिक अस्वस्थ दो नाबालिग बालकों को परिजनों के सुपुर्द किया



**छतरपुर।** जिले में पुलिस द्वारा की गई मानवीय और संवेदनशील कार्यवाही एक मिसाल बनकर सामने आई है। थाना नौगांव पुलिस और थाना बाजना डायल 112 पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों में भटके दो मानसिक रूप से अस्वस्थ नाबालिग बालकों को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द कर उनका संरक्षण किया। नौगांव पुलिस ने पलेरा, टीकमगढ़ के भटके 10 वर्षीय बालक को पहुंचाया पिता के पास थाना नौगांव पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक 10 वर्षीय मानसिक रूप से अस्वस्थ बालक अकेले भटक रहा है। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और बालक को सुरक्षा में लिया। बालक आवश्यक जानकारी देने में असमर्थ था। इसके बाद क्षेत्रवासियों से पूछताछ व सोशल मीडिया की मदद से उसकी पहचान की गई। जांच में पता चला कि बालक पलेरा, जिला टीकमगढ़ का निवासी है और भटकते हुए नौगांव क्षेत्र में पहुंच गया था। पुलिस ने परिजनों से संपर्क कर पुष्टि के बाद बालक को उसके पिता के सुपुर्द कर दिया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक वाल्मीकि चौबे, आरक्षक गौरव तिवारी, प्रहलाद, अरविंद राय एवं पूरी पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही। विगत रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल से सूचना मिली कि ग्राम गोपालपुरा में एक 11 वर्षीय मानसिक अस्वस्थ बालक भटक रहा है। डायल 112 टीम मौके पर पहुंची और बालक को संरक्षण में लिया। पूछताछ के दौरान बालक जानकारी नहीं दे पाया, जिसके बाद टीम ने ग्रामीणों से जानकारी जुटाई। बालक बड़ा मलहरा क्षेत्र का निवासी पाया गया, जो भटककर बाजना क्षेत्र के गोपालपुरा तक पहुंच गया था। पुलिस टीम ने उसके परिजनों से संपर्क कर बालक को डायल 112 वाहन से घर पहुंचाकर सुरक्षित परिजनों को सौंपा। इस त्वरित और संवेदनशील कार्य में आरक्षक गोविंद जौहर एवं पायलट बृजेश प्रजापति की अहम भूमिका रही। दोनों मामलों में पुलिस की तत्परता, मानवीय संवेदनशीलता और सक्रियता ने न केवल परिवारों को राहत दी, बल्कि समाज में पुलिस की सकारात्मक छवि को भी मजबूत किया है।

# आज और कल खजुराहो से चलेगी मप्र सरकार

## कैबिनेट बैठक में होंगे महत्वपूर्ण फैसले

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित पूरा मंत्रिमंडल खजुराहो में करेगा मंथन

छतरपुर/खजुराहो।

**मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 8 और 9 दिसंबर को पूरे मंत्रिमंडल के साथ खजुराहो में प्रवास करेंगे। इस दौरान कैबिनेट बैठक से लेकर विभिन्न विभागों की विस्तृत समीक्षाएं होंगी। खजुराहो से दो दिन तक सरकार का संचालन होगा, जिसमें विकास योजनाओं की प्रगति, महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और आमजन हित के मुद्दों पर मंथन किया जाएगा। जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था के चाकचौबंद इंतजाम किए गए हैं।**



#### विभागीय समीक्षाओं से होगी शुरुआत

सोमवार 8 दिसंबर को मुख्यमंत्री खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा से कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। इसके साथ ही औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, एमएसएमई, राजस्व, नगरीय विकास एवं आवास, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार, जनजातीय कार्य, अनुसूचित जाति कल्याण तथा खनिज विभाग की भी समीक्षा की जाएगी।

#### होंगे महत्वपूर्ण फैसले

मंगलवार 9 दिसंबर को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक आयोजित होगी जिसमें प्रमुख निर्णय लिए जाएंगे। उसी दिन सीसीआईपी की बैठक होगी तथा लोक निर्माण एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के पिछले दो वर्षों में हुए कार्यों की समीक्षा भी की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 9 दिसंबर को राजनगर के सती की मढ़िया में लाड़ली बहना सम्मेलन में शामिल होंगे। सम्मेलन में प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में दिसंबर माह की राशि अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यक्रम में उपस्थित बहनों से संवाद भी करेंगे।

#### प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होंगे सीएम

आदिवर्त संग्रहालय का भ्रमण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, महाराजा छत्रसाल एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्तियों का अनावरण,पन्ना टाइगर रिजर्व, कुटनी रिसॉर्ट डैम तथा रनेह फॉल का भ्रमण, 27055 लाख रुपए के 9 विकास कार्यों का भूमि-पूजन, 24010 लाख रुपए के 20 विकास कार्यों का लोकार्पण,राजनगर में विकास पर आधारित प्रदर्शनी एवं हितलाभ वितरण। मुख्यमंत्री का यह दौरा विकास के नए आयाम तय करने, विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति पर समीक्षा करने और योजनाओं को गति देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



तेज रफ्तार पिकअप का कहर :

# बाइक सवार एक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल

**घुवारा।** नेशनल हाइवे पर देवीनगर के पास शुक्रवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मुकेश पाल निवासी पठराई थाना खरगापुर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गोकल पाल निवासी कुड़ीला गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक मुकेश पाल दलीपुर में तेरहवीं का निमंत्रण देकर अपने गांव पठराई लौट रहा था। इसी दौरान घुवारा से शाहगढ़ की ओर जा रही पिकअप वाहन ने तेज गति से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मुकेश पाल की मौके पर ही मौत हो गई और गोकल पाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल गोकल पाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुवारा में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है। मामले की जांच जारी है।

# 3 दिवसीय प्रांतीय प्राकृतिक चिकित्सा सम्मेलन 14 से

छतरपुर।

स्थानीय नीलांचल प्राकृतिक चिकित्सा, योग एवं नशा मुक्ति केन्द्र छतरपुर में तीन दिवसीय प्रांतीय प्राकृतिक चिकित्सा सम्मेलन आगामी 14 दिसंबर से होने जा रहा है।

प्राकृतिक चिकित्सा परिषद इकाई मध्य प्रदेश के तत्वाधान में यह प्रांतीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद की प्रदेश इकाई के डॉ. दिनेश मिश्रा ने बताया कि तीन दिवसीय प्रांतीय प्राकृतिक चिकित्सा सम्मेलन में छतरपुर के अलावा इन्दौर, भोपाल, राजगढ, शहडोल, अनूपपुर, पन्ना एवं टीकमगढ़ से प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसके अलावा महोबा उप्र एवम् दुर्ग छत्तीसगढ़ से भी प्राकृतिक चिकित्सा के विशेषज्ञो से भाग लेने की स्वीकृति मिली है। शिविर मे प्राकृतिक चिकित्सा का समाज में विस्तार एवं प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया जायेगा। चिकित्सा विषय पर शरीर रचना एवं क्रिया विज्ञान पर डॉ. जीपी राजोरे का विशेष व्याख्यान होगा। इसके अलावा रोग, कारण एवं प्राकृतिक उपचार पर डॉ. दिनेश मिश्रा का व्याख्यान होगा। 14 नवंबर को सुबह 10 उद्घाटन होगा। जो व्यक्ति प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ लेना चाहते हैं वह उद्घाटन अवसर पर उपस्थित हो। 15 दिसंबर को सुबह 8 बजे से रोगियों का उपचार होगा। 16 दिसंबर को शाम 4 बजे सम्मेलन का समापन होगा।

# घर से ले जाकर नाबालिग को जहरीला पदार्थ खिलाने का आरोप, झांसी ले जाते समय मौत

**छतरपुर।** सटई के वार्ड क्रमांक-10 निवासी 17 वर्षीय रोशनी प्रजापति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने मोहल्ले के ही युवक शिवम साहू पर घर से बहला-फुसलाकर ले जाने और जहरीला पदार्थ खिलाने का गंभीर आरोप लगाया है।

घटना पिछले रविवार की बताई जा रही है। रोशनी के पिता संतोष प्रजापति खेत पर काम करने गए थे, जबकि रोशनी घर पर खाना बना रही थी। इसी दौरान मोहल्ले का युवक शिवम साहू उसे अपने साथ ले गया। शाम करीब 6 बजे पिता को हीरा साहू का फोन आया कि रोशनी ने कुछ जहरीला पदार्थ खा लिया है। परिवारजन तुरंत सटई पहुंचे, जहां बच्ची हीरा साहू की गाड़ी में बेहोशी की हालत में मिली। परिजन उसे तत्काल मिशन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां 6 दिनों तक इलाज जारी रहा। हालत न सुधरने पर डॉक्टरों ने 6 दिसंबर शनिवार को रोशनी को झांसी रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में रात करीब 12 बजे उसकी मौत हो गई।



मौत की सूचना पर परिजन रोशनी को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिवार का आरोप है कि शिवम साहू ही रोशनी को घर से ले गया था और उसी ने जहरीला पदार्थ खिलाया, जिसके कारण उसकी मौत हुई। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### वीर सपूतों के हित में जागरूकता की अलख जगती रहे: कर्नल

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर शहीद जवानों के परिवारों एवं सेवानिवृत्त सैनिकों का सम्मान

### समाजसेवी दंपत्ति ने सैनिक कल्याण बोर्ड को सौंपी 50 हजार की राशि

छतरपुर।

सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर शहर के आडीटोरियम हॉल में शहीद जवानों के परिवारों एवं सेवानिवृत्त सैनिकों का सम्मान समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड कर्नल डीके मिश्रा थे जबकि अध्यक्षता प्रेमनारायण मिश्रा ने की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में कैप्टन डॉ. हृदयेश खरे, बीके अहिरवार, पेशनर संघ के उप प्रांताध्यक्ष बीपी सिंह, वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक सुरेंद्र अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।शहर के वरिष्ठ समाजसेवी केएन सोमन एवं उनकी धर्मपत्नि श्रीमती विमला सोमन के संयोजकत्व में आयोजित शहीद जवानों के परिवारों एवं सेवानिवृत्त सैनिकों के सम्मान समारोह का शुभारंभ शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। स्वागत भाषण देते हुए समाजसेवी केएन सोमन ने बताया कि वे भी एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं, उन्हें समाजसेवा की इच्छा विद्यार्थी जीवन से ही थी। मूलतः केरल निवासी श्री सोमन ने बताया कि उन्होंने अपने अग्रज के सानिध्य में सागर में विद्यार्थी जीवन व्यतीत किया। कठिन संघर्ष से उन्हें नौकरी मिली और वे छतरपुर आए लेकिन उन्होंने अपनी समाजसेवा की भावना को सतत जीवंत रखा। श्री सोमन ने बताया कि उन्हें वीर जवानों के लिए राशि संग्रह करने की प्रेरणा एक शहीद सैनिक से मिली, जब उन्होंने देखा कि एक सैनिक वीर गति को प्राप्त हो गया और उसके परिवार की हालत बेहद दुखद थी तभी से उन्होंने तय किया कि हर साल सशस्त्र झंडा दिवस पर राशि एकत्र करेंगे और सैनिक कल्याण बोर्ड को सौंपेंगे। श्री सोमन के अनुसार उन्होंने वर्ष 2017 से जल, थल और वायु सेना के लिए राशि देने का संकल्प लिया था।



कार्यक्रम में श्री सोमन दंपत्ति ने सैनिक कल्याण बोर्ड के लिए इस वर्ष 50 हजार राशि की चैक सैनिक कल्याण बोर्ड को सौंपी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कर्नल डीके मिश्रा ने कहा कि देश के वीर सपूतों के हित के लिए ऐसे दिए हमेशा जलते रहें और शहीदों के परिवार का अंधकार दूर होता रहे। कार्यक्रम में प्रेमनारायण मिश्रा ने देश के सभी शहीदों को नमन करते हुए कहा कि ऐसे वीर सपूतों और उनके परिजनों का सम्मान होते रहना चाहिए। श्री सोमन दंपत्ति का यह अनुकरणीय कदम है। कार्यक्रम को कैप्टन हृदयेश खरे, वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र अग्रवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक राकेश खरे ने किया। अंत में श्रीमती विमला सोमन ने सभी उपस्थितजनों का आभार जताया।

#### अमर शहीद की पत्नि और मां का सम्मान

सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद चंदला अंचल के वीर सपूत शालिगराम यादव की पत्नि सुप्रिया और उनकी माताश्री कमलेश यादव का सम्मान किया। इस मौके पर भूतपूर्व एयरफोर्स सैनिक बालकृष्ण, आर्मी से जगदीश पाठक एवं नैवी से विजय बहादुर का सम्मान भी समारोहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम में पेंशनर संघ के उप प्रांताध्यक्ष बीपी सिंह ने अपनी ओर से जवानों के कल्याण के लिए हर साल 5100 रूपए देने की घोषणा की वहीं दर्शना कल्याण समिति से प्रभा विधु ने भी प्रतिवर्ष 5100 रूपए देने का संकल्प व्यक्त किया।

#### बच्चों ने कार्यक्रम में भरा देश भक्ति का जोश

सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर शहीद जवानों के परिवारों एवं सेवानिवृत्त सैनिकों के सम्मान कार्यक्रम में पीएम श्री एमएलबी स्कूल की छात्राओं ने सुरीले अंदाज में स्वागत गीत और एक अन्य गीत प्रस्तुत किया तो वहीं हैरीटेज स्कूल के बच्चों ने देश भक्ति से ओतप्रोत गीत जलवा तेरा जलवा पर शानदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में देश भक्ति का जोश भर दिया।

# किराए से लिया डंपर, न किराया चुकाया न डंपर लौटाया



### 4 साल बाद मंडला से पुलिस ने जब्त किया डंपर

**छतरपुर।** चार साल पहले एक व्यक्ति ने डंपर किराए से लेकर काम शुरू किया। कुछ महीनों तक वह डंपर मालिक को नियमित किराया देता रहा इसके बाद न तो उसने डंपर का किराया चुकाया और ना ही डंपर वापिस किया। सिविल लाइन थाना क्षेत्र की घटना के संबंध में डंपर मालिक ने पुलिस को शिकायत दी जिस पर पुलिस ने घटना की छानबीन करते हुए डंपर तक पहुंचकर उसे जब्त कर लिया। हालांकि यह डंपर चार बार बेचा गया।

सिविल लाइन थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि सटई रोड पर रहने वाले वीरेन्द्र सिंह ने शिकायत दी थी कि उसने 2021 में अतर्रा जिला बांदा निवासी राधाकृष्ण द्विवेदी नाम के व्यक्ति को डंपर किराए से दिया था। कुछ महीने तक वह किराया चुकाता रहा। इसके बाद किराया देना बंद कर दिया। काफी प्रयास के बाद न तो किराया मिला और ना ही डंपर वापिस मिला। परिणामस्वरूप उसकी शिकायत थाने में की गई। टीआई श्री सिंह ने बताया कि वीरेन्द्र सिंह की शिकायत पर जब जांच शुरू की गई तो डंपर मंडला से जब्त करने में कामयाबी मिली। उन्होंने बताया कि इस डंपर को एक के बाद एक चार बार बेचा गया। 5वें व्यक्ति से डंपर जब्त किया गया है। इस पूरे प्रकरण पर विधिवत कार्यवाही की जा रही है।

# जैन गौरव सम्मान समारोह में बेटियों का सम्मान



### डेरा पहाड़ी अतिशय क्षेत्र में हुआ भव्य आयोजन

**छतरपुर।** अतिशय क्षेत्र डेरा पहाड़ी में रविवार को जैन गौरव सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। परम पूज्य आचार्य दयासागर जी महाराज की पावन मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में जैन समाज की प्रतिभाशाली बेटियों को सम्मानित किया गया। डिप्टी कलेक्टर पद पर चयन होने पर अदिति जैन और सिविल जज में चयन होने पर मानसी जैन का समाज की ओर से शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ और मूमेंटो भेंटकर सम्मान किया गया। जैन समाज के अध्यक्ष अरुण कुमार जैन ने कहा कि समाज की बेटियों का चयन हमारे लिए गौरव का विषय है। आज उनका सम्मान करके हम स्वयं को सम्मानित महसूस कर रहे हैं। वहीं रितेश जैन ने कहा कि बेटियों ने अपनी प्रतिभा व उपलब्धियों से पूरे जैन समाज का मान बढ़ाया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

# मौसम साफ होते ही दिखने लगेगा ठण्ड का असर

### तापमान में हो रही गिरावट, 6 डिग्री पहुंचा रात का तापमान

**छतरपुर। बादलों के आने से तापमान में एक डिग्री की बढ़ोत्तरी देखी गई लेकिन जैसे ही मौसम साफ होगा वैसे ही तापमान में गिरावट आएगी। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर पूर्वी हवाओं के चलने के कारण मौसम में ठण्डक घुलने लगी है। आने वाले दिनों में तापमान में और भी गिरावट दर्ज होगी। रात का तापमान करीब 6 डिग्री और दिन का तापमान 26 डिग्री पहुंच गया है।**

खजुराहो स्थित मौसम विभाग के आरएस परिहार ने बताया कि उड़ीसा, छत्तीसगढ़ में बादलों का डेरा था लेकिन हवाओं के कारण बुन्देलखण्ड में भी बादल आ गए। हालांकि एक दिन में ही मौसम साफ होने के संकेत मिले हैं। श्री परिहार के मुताबिक 15 दिसम्बर से 5 जनवरी तक तीव्र सर्दी का दौर रहता है इस समय तापमान 1 डिग्री तक भी पहुंच जाता है। उन्होंने लोगों को सलाह दी है कि बदलते मौसम के मुताबिक ठण्ड से बचने के इंतजाम करें। उत्तर पूर्वी हवाओं के चलने से तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। नगरीय प्रशासन द्वारा अभी अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। वेजुबान जानवर भी ठण्ड से प्रभावित हो रहे हैं।



#### बढने लगी गर्म कपड़ों की बिक्री

वैसे तो वैवाहिक समय होने के कारण बाजार गर्म रहा लेकिन अब शादियों का सीजन खत्म होने के बाद ठण्ड का सीजन शुरू हो गया है जिससे बाजार फिर से गुलजार हो गए हैं। इन दिनों गर्म कपड़ों की बिक्री खूब हो रही है। ठण्ड से बचाव के लिए लोग गर्म कपड़ों की खरीददारी कर रहे हैं। मौसम का प्रभाव फुटपाथियों पर ज्यादा देखने को मिलता है। क्योंकि ऐसे भी बहुत सारे लोग होते हैं जो खुले आसमान में अपना जीवन बिताते हैं। परिस्थितियों के मारे लोगों पर ठण्ड कहर बनकर टूटती है।

# 25 एमपी बटालियन एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू, 500 कैडेट लेंगे विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण

**छतरपुर। 25 एमपी बटालियन एनसीसी छतरपुर द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर छतरपुर में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को बड़े उत्साह के साथ किया गया। कैंप कमांडेंट कर्नल वाई.के. गांधी के नेतृत्व एवं सूबेदार मेजर राकेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित यह शिविर 5 दिसंबर 2025 से 14 दिसंबर 2025 तक चलेगा। शिविर में लगभग 500 एनसीसी कैडेट, एनसीसी अधिकारी, पीआई स्टाफ एवं सिविल विभाग के कर्मचारी सहभागिता कर रहे हैं।**



शिविर के दौरान कैडेट्स को टेंट पीचिंग, मैप रीडिंग, ड्रिल, फायरिंग सहित विभिन्न सैन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही एनसीसी कैडेट्स सोशल सर्विस एंड कम्युनिटी डेवलपमेंट से संबंधित गतिविधियों में भी हिस्सा लेंगे, जिनमें पुनित सागर अभियान, पर्यावरण संरक्षण, रिसाइक्लिंग, प्लास्टिक उपयोग में कमी लाना, वर्ल्ड यूथ लीडरशिप इनोवेशन जैसी प्रमुख गतिविधियाँ शामिल हैं। कैडेट्स डिजास्टर मैनेजमेंट से जुड़ा व्यावहारिक ज्ञान भी प्राप्त करेंगे। शिविर अवधि में विषय-विशेषज्ञों द्वारा गेस्ट लेक्चर भी आयोजित किए जाएंगे। कैंप कमांडेंट कर्नल वाई.के. गांधी ने बताया कि शिविर के दौरान ड्रिल, फायरिंग, फिजिकल ट्रेनिंग, ऑबस्टिकल ट्रेनिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सोशल सर्विस जैसी गतिविधियाँ कैडेट्स के व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। इससे कैडेट्स में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क, समय प्रबंधन और राष्ट्रप्रेम जैसी भावनाएं विकसित होती हैं। यह शिविर कैडेट्स को आर्मी जैसी जीवनशैली का अनुभव भी कराता है, जो उन्हें रक्षा सेवाओं में करियर बनाने के लिए प्रेरित करता है। शिविर के उद्घाटन अवसर पर सूबेदार मेजर राकेश शर्मा, ट्रेनिंग जेसीओ सतपाल सिंह परमार, एनसीसी अधिकारी, महिला एनसीसी अधिकारी, केयरटेकर, महिला जीसीआई तथा समस्त पीआई स्टाफ एवं सिविल कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बोदाबाग में आज लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 18 दिसम्बर तक निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोदाबाग में 8 दिसम्बर को शिविर लगाया जाएगा। शिविर में चिकित्सकों के दल तथा तकनीशियन तैनात रहेंगे। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी को शिविर में उपचार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

### कलेक्टर आज करेगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल 8 दिसंबर को टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगी। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी। बैठक में धान उपार्जन, खाद वितरण, मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की भी समीक्षा की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

### 19 केन्द्रों में होगी नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा

**कटनी।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा, के प्राचार्य श्री प्रेम प्रकाश ने बताया कि 2026-27 के लिये कक्षा छटवीं में प्रवेश लेने हेतु आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 के लिये नवोदय विद्यालय समिति द्वारा प्रवेश पत्र ऑनलाईन जारी कर दिये गये हैं। विद्यालय की वेबसाईट https://cbseitms.reil.gov.in/nvs/AdminCard/AdminCard पर जाकर प्रवेश पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिये विद्यार्थी का पंजीयन संख्या एवं जन्मतिथि की आवश्यकता होगी। जिन अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में समस्या हो' रही हो वह कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं बी०आर०सी० व जन शिक्षकों के माध्यम से अथवा कार्यालय पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा के कार्यालय या जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा प्रभारी श्री उमेश चन्द्र वर्मा, पीजीटी-भूगोल से कार्यालयीन समय में संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश पत्र पर अंकित केन्द्र पर 13 दिसम्बर दिन शनिवार सुबह 10:30 बजे उपस्थित होना है। विस्तृत जानकारी प्रवेश पत्र पर अंकित है। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कटनी के कुल 7055 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी किये गये हैं कटनी जिले के विभिन्न विकासखण्डों रीठी, कटनी, बड़वारा, विजयराघवगढ़, बहोरीबन्द एवं ढीमरखेड़ा के 19 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी।

### भारतीय खान ब्यूरो के अधिकारियों ने खदानों का निरीक्षण

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में गत दिवस खनिज अमले द्वारा विजयराघवगढ़ तहसील स्थित चूना पत्थर की खदानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में भारतीय ख़ान ब्यूरो जबलपुर के क्षेत्रीय अधिकारी भी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के दौरान संयुक्त दल द्वारा जमुवानी कला,अमेहता,हर्रिया और बड़ारी ग्राम में स्थित चूना पत्थर की लेप्स हो चुकी बंद खदानों और माइन क्लोजर प्लान का वेरिफिकेशन किया गया। इसके अलावा संचालित खनिज लीजों में व्यवस्थित खनिज उत्पादन और खनिज रॉयल्टी समय-सीमा में भुगतान करने हेतु समझाइश दी गई। इसके अलावा खदान क्षेत्रों में बरसात के बाद जमा पानी के पुख्ता इंतजाम करने हेतु निर्देशित किया गया।

## जमीन और स्वयं का स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए प्राकृतिक खेती अपनाना आवश्यक है - उप मुख्यमंत्री

# बसामन मामा गौअभ्यारण्य प्राकृतिक खेती मॉडल 25 दिसंबर को होगा शुभारंभ

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गौअभ्यारण्य में किसानों से संवाद करते हुए कहा कि जमीन और स्वयं को स्वास्थ्य रखना है तो हमें प्राकृतिक खेती को अपनाना होगा। नाम मात्र की लागत वाली इस खेती के लाभ कई हैं। बसामन मामा गौअभ्यारण्य में रविशंकर की संस्था आर्ट आफ लिविंग के स्वयंसेवकों द्वारा प्राकृतिक खेती का माडल तैयार किया जा रहा है। इसके साथ-साथ किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। बसामन मामा गौअभ्यारण्य 10 हजार से अधिक गौवंश को आश्रय देने के साथ-साथ प्राकृतिक खेती के भी केन्द्र के रूप में भी तेजी से विकसित हो रहा है। हम प्राकृतिक खेती को अपनाकर ही पर्यावरण, जमीन और भावी पीढ़ी के जीवन को सुरक्षित रख पायेंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा गौअभ्यारण्य में मल्टीलेवल क्राप्रिंग, औषधि पौधों की खेती, प्राकृतिक विधि से अनाज, फल, सब्जी और फूलों की खेती को वितसित किया जा रहा है। प्राकृतिक खेती प्रकल्प का 25 दिसंबर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिवस पर समारोह पूर्वक शुभारंभ किया जायेगा। जिस किसान के पास 10 एकड़ जमीन है वह एक एकड़ में जिसके पास 50 एकड़ जमीन है वह 10 एकड़ मे प्राकृतिक खेती करें। इससे धरती में सूक्ष्म जीवों का जीवन सुरक्षित होता है। इन जीवों द्वारा मिटटी की जलधारण क्षमता में पोषकता में वृद्धि की जाती है। रासायनिक खाद के उपयोग से ये जीव नष्ट हो जाते हैं। प्राकृतिक खेती भारतीय परंपरा और प्राचीन ज्ञान पर आधारित है। इससे धरती और किसान दोनों का स्वस्थ्य अच्छा रहना है। आसपास के किसान गौशाला के प्राकृतिक खेती केन्द्र से जीवांमृत तथा अन्य प्राकृतिक खाद और कीटनाशक प्राप्त कर सकते हैं। समारोह में आर्ट आफ लिविंग संस्था के प्रतिनिधि बघेल ने प्राकृतिक खेती की जानकारी देते हुए कहा कि बसामन मामा गौअभ्यारण्य 10 हजार गौवंश और 150 गौसेवकों के साथ प्राकृतिक खेती का केन्द्र बन रहा है। इसकी चर्चा प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में है। यह परिसर वृंदावन बन गया है। परिसर में शीघ्र ही नवनिर्मित मंदिर में भगवान कृष्ण और गाय की प्रतिमा लगाई जायेगी। गौअभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती के पांच प्रकल्प वितसित किये जा रहे हैं। जिनमें उद्यानिकी फसलें, अनाज, फल और सब्जियों का उत्पादन होगा। इनके लिए गुड, बेसन और पानी से जीवांमृत बनाया जा रहा है। इसी तरह गुड, सब्जी और फल के छिलके तथा पानी से बायोएजाइंन बनाया जा रहा है। इसकी एक लीटर मात्रा एक हजार लीटर पानी में मिलाकर 2 एकड़ क्षेत्र में उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने अग्निहोत्र हवन, अग्निहोत्र वाटिका का निर्माण, जीवांमृत निर्माण की जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बसामन मामा में प्राकृतिक खेती प्रकल्प में बनाये जा रहे मल्टी लेवल क्रापिंग सिस्टम अग्निहोत्र वाटिका, गौशाला तथा औषधि पौधों के रोपण का अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री ने गोबर से खाद, गोकष्ठ तथा गोमूत्र से कीटनाशक बनाने की प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक के.पी. त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, बसामन मामा प्रबंधन समिति की अध्यक्ष एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल, सचिव डॉ. राजेश मिश्रा, आर्ट आफ लिविंग संस्था के प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा किसान उपस्थित रहे।





# युवाओं में नेतृत्व क्षमता को विकसित कर रहा है मुख्यमंत्री नेतृत्व विकास कार्यक्रम

**रीवा।** मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आज बी.एस. डब्लू तथा एम.एस.डब्ल्यू. के समस्त विद्यार्थियों को राज्य कार्यालय से आए विशेषज्ञ कंसलटेंट भूषण तिवारी द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। तकनीकी सत्र में छात्रों को सामुदायिक नेतृत्व, सामाजिक उत्तरदायित्व, फील्ड वर्क की गुणवत्ता, कौशल विकास तथा कार्यक्रम की आगामी कार्ययोजना से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान संभाग से संबंधित जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक प्रवीण पाठक,ने छात्रों को आगामी समय मे जल संचय अभियान से जुड़कर जल संरक्षण का कार्य करने का आह्वान किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री रामराज मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा गया कि, इस पाठ्यक्रम के माध्यम से सभी पंजीकृत युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से सीखे गए अनुभव, जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी होंगे। जिला समन्वयक जागेश्वर ताम्रकार ने कार्यक्रम के उद्देश्यों, विद्यार्थियों की भूमिका तथा समुदाय में नेतृत्व क्षमता सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही, मार्तण्ड क्रमांक-1 उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य जे पी जयसवाल सर एवं कार्यक्रम से जुड़े परामर्शदाता भी उपस्थित रहे। कंसलटेंट एवं अधिकारियों की उपस्थिति में संचालित कक्षाओं का निरीक्षण किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की उपस्थिति, शैक्षणिक गतिविधियों, प्रशिक्षण की गुणवत्ता तथा प्रायोगिक कार्यों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।



निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों को कार्यक्रम की महत्ता, समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने की भूमिका तथा नेतृत्व कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी और अन्य स्टाफ सदस्यों ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और कहा कि इस प्रकार का मार्गदर्शन छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक है। अंत में, राज्य कार्यालय कंसलटेंट ने आगामी प्रशिक्षण सत्रों को और प्रभावी बनाने के सुझाव दिए तथा विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड समन्वयक अमित अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में विकासखंड में कार्यरत सभी मेन्टर्स व छात्र/छात्राएं उपस्थित रहें।

## छात्राओं ने अतिथि शिक्षक पर लगाए अश्लीलता के गंभीर आरोप, प्रिंसिपल ने कार्यवाही का दिया आश्वासन

रीवा



रीवा के कन्या विद्यालय में गुरु और शिष्य के रिश्ते को शर्मसार कर देने वाला मामला प्रकाश में आया है। यहां छात्राओं ने स्कूल में ही पदस्थ अतिथि शिक्षक पर छात्राओं के साथ अश्लीलता करने का गंभीर आरोप लगाया है। बता दे कि लंबे समय से अतिथि शिक्षक की हरकतों से परेशान छात्राओं का आज आक्रोश फूट पड़ा है और उन्होंने प्राचार्य से ना सिर्फ इसकी शिकायत की है, बल्कि स्कूल से शिक्षक को हटाने तक की मांग कर डाली है। हालांकि खबर है कि यह गंभीर आरोप लगते ही शिक्षक ने खुद ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। दरअसल गुरु और शिष्य के रिश्ते को शर्मसार कर देने वाला यह मामला रीवा शहर के ही प्रवीण कुमारी संदीपनी पीके स्कूल का है। छात्राओं इस मामले की शिकायत पहले तो अपने परिजनों से की, जिसके बाद आज परिजनों के साथ स्कूल पहुंचकर प्राचार्य से की है। आरोप है कि स्कूल में पदस्थ अतिथि शिक्षक के द्वारा छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें की जाती थी। छात्राओं ने बताया कि पूर्व में शिक्षक ने कई अलग-अलग छात्राओं से अश्लीलता क, लेकिन हर बार उसे नजर अंदाज किया जाता रहा है, लेकिन एक दिन पूर्व शिक्षक ने मर्यादा को तार तार करते हुए एक छात्रा के साथ अश्लीलता की सारी हदें पार कर दी। फिलहाल आज छात्राएं आक्रोशित नजर आई है और वह शिक्षक को स्कूल से हटाने की मांग पर अड़ी हुई है। हालांकि मामला अब तक स्कूल तक ही सीमित है, जिस पर स्कूल प्राचार्य द्वारा छात्राओं के पक्ष में शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही गई है।

## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया



**रीवा।** जिले भर में 7 दिसंबर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में आयोजित समारोह में देश की रक्षा के लिए अपने प्रेणा का बलिदान करने वाले शहीद सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की गयी। भूतपूर्व सैनिकों तथा सैनिक विधवाओं के कल्याण के लिए सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का प्राकृतिक चिन्ह देकर सहयोग राशि प्राप्त की गयी। इस संबंध में जिला कल्याण सैनिक अधिकारी सेवानिवृत्त ले. कर्नल पी. गंगा ने बताया कि झण्डा दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालयों को झण्डे का वितरण किया जा रहा है। इसके वितरण से प्राप्त सहयोग राशि पूर्व सैनिकों के कल्याण में खर्च की जाती है। सैनिकों के कल्याण के लिए कोई भी व्यक्ति चेक अथवा ड्राफ्ट के माध्यम से सहयोग राशि दे सकता है। सचिव सैनिक कल्याण स्पेशल फण्ड के बैंक खाता क्रमांक 0423104000032559 आईएफएससी कोड आईबीकेएल0000423 आईडीआई बैंक जान टावर रीवा में भी दे सकता है। सैनिक कल्याण के लिए दी गयी पूरी राशि सौ प्रतिशत आयकर से मुक्त रहती है। रीवा जिले को इस वर्ष 9 लाख 77 हजार 700 रूपये सहयोग राशि एकत्रित करने का लक्ष्य दिया गया है। सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालय प्रमुखों तथा आमजनता से सैनिकों के कल्याण के लिए सशस्त्र देना झण्डा दिवस की सहयोग राशि देने का अनुरोध है।

## स्वतंत्रता सेनानी परिजनों एवं कार सेवकों को विन्ध्य विरासतश्री सम्मान दिया हिन्दू धर्म परिषद नेरिदम म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने बिखेरे देश एवं श्री राम भक्ति के सुरीले रंग

**रीवा।** 06 दिसम्बर 1992 में अयोध्या पहुँचे लाखों कार सेवको के शौर्य और संकल्प ने श्री राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करके जो महान कार्य किया उनको सम्मानित करने हिन्दू धर्म परिषद ने जो शौर्य दिवस सम्मान समारोह का यादगार आयोजन किया है उसके लिये वह धन्यवाद और साधुवाद का पात्र है। आज स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजनों एवं कार सेवकों को यादगार विन्ध्य विरासतश्री सम्मान-2025 प्रदान किया गया है। मथुरा में श्री कृष्ण जन्मस्थली के निर्माण के लिये पूरा हिन्दू सनातन समाज तैय्यारी कर चुका है जो अवश्य ही फलीभूत होगा। यह जोशीले उदगार संजयगांधी अस्तपाल के पूर्व संचालक डॉ0 सी0बी0शुक्ला ने बतौर मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त कर उपस्थित जन समुदाय को जय श्री राम के नारे लगाने को मजबूर कर दिया। गरिमामय आयोजन की अध्यक्षता कर रहे संजय गांधी अस्पताल के अधीक्षक डॉ0 राहुल मिश्रा ने अपनी बेहतरीन भजन प्रस्तुति से भक्तिमय वातावरण बना दिया। विषिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित स्व0 उमा परौहा चैरिटेबिल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ0 के0के0परौहा, अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा के अध्यक्ष विजय मोहन तिवारी, शिक्षा विभाग की पूर्व संचालक रश्मी शुक्ला, मानस मंडल के सचिव अशोक तिवारी, लोक गायिका शकुन्तला मिश्रा, समाज सेवी राजकुमार टिलवानी ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम गीत का वाचन एवं श्री राम धर्म ध्वजा फहराकर वंदन किया और अपनी शुभकामनायें दी। रिदम म्यूजिकल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ0विनोद तिवारी, महासचिव पियूष मिश्रा, सतीश मिश्रा के मार्गदर्शन में कलाकारों ने देश भक्ति और श्री रामभक्ति के गीतों की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। मानस भवन में आयोजित भव्य आयोजन में कार सेवको में नंदलाल ताम्रकार, प्रकाश गुप्ता केसरिया, बृजेन्द्र गुप्ता, विजय ताम्रकार, प्रमोद वर्मा को सम्मानित कर वंदन किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजनो में उपस्थित डॉ0 पदमावती पाण्डेय, महेन्द्र कुमार त्रिपाठी, डॉ0 प्रसन्न सिंह, आर.के.पीढ़यि, प्रभात दीक्षित गुड्डू, प्रेमशंकर नागर, अवनीश शर्मा को विंध्य विरासतश्री सम्मान-2025 के साथ शाल श्रीफल से अभिनंदन किया गया। गदगद स्वर में सेनानी परिजनों ने अपने पूर्वजो को याद कर उनके किये गये कार्यो के लिये आभार ज्ञापित किया। कलम परिवार की स्नेहा त्रिपाठी, मृत्युंजय मिश्रा और अमित द्विवेदी के काव्य पाठ की सबने सराहना की। रिदम म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारो में अर्चना शुक्ला, आशीष खरे, श्याम गंगवानी, सुलेखा पटेल, दिलीप ठारवानी, निधि शर्मा, डॉ0 रिचा सिंह आदि ने अपनी प्रस्तुतियों से आयोजन को यादगार बना दिया।



## वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे ऑटो सवार हुए दुर्घटना का शिकार पिकअप की टक्कर से पलटा ऑटो महिला सहित आधा दर्जन घायल

**रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत करहिया मंडी के पास आटो सवार सड़क हादसे का शिकार हो गए। अचानक आटो की पिकअप वाहन से टक्कर हो गई जिससे आटो अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में एक महिला की हालत गंभीर है जबकि आधा दर्जन लोगों को चोट पहुंची है। बताया गया कि आटो सवार वैवाहिक कार्यक्रम से वापस गांव लौट रहे थे। पीड़ित परिवार के लोग ऑटो में सवार होकर जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी, जिस दौरान ऑटो नियंत्रित होकर पलट गया है।




हादसे का दौरान ऑटो में सवार आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं जिनमें एक महिला को गंभीर चोट आई है। घायलों को फिलहाल स्थानीय लोगों की मदद से संजय गांधी अस्पताल भेजा गया है। ऑटो सवार लोग आपस में रिश्तेदार बताए गए हैं, जो ग्राम मैनपुरा, गढ़वा और मझियार गांव से कराहीया स्थित एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। बताया गया कि सभी ऑटो में सवार होकर वापस अपने गांव जा रहे थे, तभी करहिया तिराहे के समीप एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। घायलों को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया है जहां एक बुजुर्ग महिला की हालत गंभीर बताई गई है।

## रामकृष्ण मिशन पीड़ित मानवता की सेवा और आध्यात्मिक चेतना का केन्द्र है - उप मुख्यमंत्री



रीवा

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रामकृष्ण मिशन के वार्षिक सम्मेलन में कहा कि रामकृष्ण मिशन पीड़ति मानवता की सेवा और आध्यात्मिक चेतना का केन्द्र है। यहां आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने पर दिव्य आनंद और आध्यात्मिक शांति का अनुभव होता है। मानव का मन जब शांत होता है तभी वह मानव कल्याण कर सकता है। रामकृष्ण मिशन का मानव सेवा का गौरवशाली इतिहास है। स्वामी विवेकानंद ने अमेरिका में शिकागों में आयोजित धर्म सम्मेलन में भारतीय ज्ञान और दर्शन का ध्वज लहराया। उन्होंने भारतीय ज्ञान और दर्शन की पूरी दुनिया पर छाप छोड़ी। स्वामी विवेकानंद द्वारा बनाया गया रामकृष्ण मिशन पीड़तिों की सेवा और आध्यामिक ज्ञान के लिए लगातार कार्य कर रहा है। भारत की आध्यात्मिक चेतना का दुनिया में विशिष्ट स्थान है। वर्तमान समय में हिंसा और युद्ध के समाधान के लिए पूरी दुनिया भारत से आस लगाये है। भारत तेजी से विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। देश के विकास में हम सब अपना योगदान दें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रामकृष्ण मिशन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर हजारों रोगियों का उपचार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आमजनता की स्वास्थ्य रक्षा के लिए निरोगी काया अभियान शुरू किया है। इस अभियान ने आमजनता को स्वास्थ्य जांच का अधिकार और सुविधा दी है। रामकृष्ण मिशन सदैव निःस्वार्थ सेवा करता है। हमें सिर्फ अपने लिए ही नहीं अपनों के लिए भी जीवन जीना है। असली सुख पीड़तिों की सेवा करने में ही है। कार्यक्रम में स्वामी अक्षयआनंद महाराज ने कहा कि भारतीय आध्यात्मिक जीवन का एक मात्र लक्ष्य जीव सेवा ही ईश्वर सेवा है। हमें प्रत्येक मानव के अंदर ईश्वर को देखना चाहिए। समारोह में रामकृष्ण मठ रीवा के स्वामी नित्यप्रज्ञानंद महाराज, स्वामी कृष्णमृतानंद महाराज ने भी आध्यात्मिक ज्ञान से कार्यक्रम को आलोकित किया। समारोह में संस्थान के मैनेजिंग टेस्ट रघुवेन्द्रमणि त्रिपाठी तथा डॉ. राजेन्द्रमणि त्रिपाठी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद, प्रो. पी.के. सरकार, डॉ. पीके लखटकिया, डॉ. एन.पी. पाठक तथा बड़ी संख्या में संस्थान से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

## अस्पताल के गेट में दो महिलाओं के बीच जमकर मारपीट, तू-तू मैं- मैं के बाद एक दूसरे से भिड़ी



**रीवा।**

गांधी मैमोरियल अस्पताल के प्रवेश द्वारा पर बीती रात दो महिलाओं के बीच मारपीट का मामला सामने आया। पूरी घटना का वीडियो आसपास मौजूद लोग बना लिए जो अब सोशल मीडिया में वायरल है। वायरल वीडियो में महिलाएं एक दूसरे पर जमकर हाथ आजमाते नजर आ रही है। बातया गया कि पहले तो महिलाओं के बीच तू-तू मै मै शुरू हुई और देखते ही देखते महिलाओं ने एक दूसरे से मारपीट शुरू कर दी। बताया कि एक महिला दुसरी को जमीन पर पटककर की इस दौरान दोनों एक दूसरे के बाल पकड़कर घसीटते दिखाई पड़ी। हालांकि घटना के दौरान मौजूद सुरक्षाकर्मी ने बीच बचाव किया बावजूद इसके दोनों महिलाएं हाथ आजमाने से बाज नहीं आई। महिलाओं के बीच हुए विवाद का कारण क्या था यह साफ नहीं हो सका है